भारत सरकार

रेल मंत्रालय

लोक सभा

24.07.2019 के

अतारांकित प्रश्न सं. 5144 का उत्तर

मनाप्पराई स्टेशन पर ठहराव और रेल उपरिपुल

5144. सुश्री एस॰ जोतिमणिः

क्या रेल मंत्री यह बताने की कृपा करेंगे किः

(क) क्या तमिलनाडु के करूर संसदीय क्षेत्र में विरालीमालै और मनाप्पराई के लिए सरकार के पास कोई नया रेलवे प्रस्ताव है और यदि हां, तो तत्संबंधी ब्यौरा क्या है;

(ख) क्या सरकार ने लोगों की सुविधा के लिए एरियोडु और कुजिलिपालयम स्टेशनों पर पलानी एक्सप्रेस के नए ठहराव प्रदान करने के लिए आवश्यक कदम उठाए हैं और यदि हां, तो तत्संबंधी ब्यौरा क्या है;

(ग) क्या सरकार ने प्रतीक्षा समय को कम करने और त्रिची और नमक्कल जाने वाले वाहनों के ट्रैफिक जाम को कम करने के लिए मयानूर रेलवे स्टेशन समपार के पास भूमिगत पैदल पार पथ या ओवर ब्रिज के निर्माण के लिए कदम उठाए हैं और यदि हां, तो तत्संबंधी ब्यौरा क्या है; और

(घ) क्या सरकार ने यात्रियों की सुविधा के लिए मनाप्पराई स्टेशन पर मुंबई, दिल्ली और तिरुपति रेलगाड़ियों के ठहराव को सुनिश्चित करने के लिए कदम उठाये हैं और यदि हां, तो तत्संबंधी ब्यौरा क्या है?

उत्तर

रेल और वाणिज्य एवं उद्योग मंत्री (श्री पीयूष गोयल)

(क) से (घ): एक विवरण सभा पटल पर रख दिया गया है।

*****

mm

मनाप्पराई स्टेशन पर ठहराव और रेल उपरिपुल के संबंध में दिनांक 24.07.2019 को लोक सभा में सुश्री एस॰ जोतिमणि के अतारांकित प्रश्न सं. 5144 के भाग (क) से (घ) के उत्तर से संबंधित विवरण।

(क): मनापराई, विल्लुपुरम-तिरुचिरापल्ली-डिंडीगुल खंड पर मौजूद स्टेशन है, जिसके लिए मार्च 2018 में दोहरीकरण परियोजना चालू की गई है। करूर निर्वाचन क्षेत्र में विरालीमलई तक रेल संपर्क के लिए कोई अन्य सर्वेक्षण कार्य शुरू नहीं किया गया है।

(ख): भारतीय रेल प्रणाली पर न तो 'कुजिलीपलायम' नामक कोई स्टेशन है और न ही 'पलानी एक्सप्रेस' नामक कोई गाड़ी। इसके अलावा, इरिओडु स्टेशन पर इस समय 02 जोड़ी पैसेंजर गाड़ियां ठहरती हैं जो इस स्टेशन के यात्रियों की आवश्यकता को पूरा करती हैं। इरिओडु स्टेशन पर अतिरिक्त गाड़ी का ठहराव परिचालनिक दृष्टि से फिलहाल व्यावहारिक नहीं है।

(ग): समपार संख्या 47, दक्षिण रेलवे के इरोड-करूर-तिरुचिरापल्ली खंड में कि.मी. 83/500-600 पर मायानूर स्टेशन यार्ड में मौजूद है। इस समपार पर यातायात का घनत्व 1 लाख टीवीयू से कम है। अतः यह लागत में भागीदारी के आधार पर ऊपरी/निचले सड़क पुल के लिए अर्हक नहीं है।

(घ): इस समय, तिरुचिरापल्ली से मुंबई, दिल्ली और तिरूपति जाने वाली गाड़ियां उपलब्ध हैं जो मनापरई स्टेशन से 36 कि.मी. की दूरी पर है। मनापरई में अतिरिक्त गाड़ियों का ठहराव देना परिचालनिक दृष्टि से फिलहाल व्यावहारिक नहीं है।

****

mm